तस्करी | ग्रामीण थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# छह किलो गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के ग्रामीण थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 6.60 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपये बताई जा रही है।

ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल के अनुसार, पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी, जब उन्होंने काले रंग की बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल चालक ने वाहन मोड़कर भागने की कोशिश की।

भागने के प्रयास में पीछे बैठा एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से उतरकर फरार हो गया, जबकि पुलिस ने घेराबंदी कर मोटरसाइकिल चालक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक बैग में रखा 6.60 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस फरार आरोपी साथी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गिरफ्तार आरोपी कायदी निवासी वेदप्रकाश सैनिक

गिरफ्तार आरोपी की पहचान कायदी निवासी वेदप्रकाश (34) पिता नेतराम सैनिक के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपी से गांजे के साथ मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत वारासिवनी कॉलेज में लगाया गया शिविर

### दूसरे दिन 19 छात्र-छात्राओं के बनाए गए लर्निंग लाइसेंस

**नवभारत, बालाघाट।** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय बालाघाट द्वारा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं के ड्रायविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 05 फरवरी को वारासिवनी महाविद्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 19 ड्रायविंग लायसेंस बनाये गए।

जिला परिवहन अधिकारी श्री गढ़पाल ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत वारासिवनी कॉलेज में 05 फरवरी को लगाए गए शिविर में 16 छात्राओं एवं 03 छात्रों के लर्निंग लायसेंस बनाये गए है। इस तरह 02 दिनों में कुल 45 छात्र छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाये गए है। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को परिवहन संबंधी सेवाएं उनके शैक्षणिक संस्थानों में ही उपलब्ध कराना है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो सके। अभियान के अंतर्गत छात्राओं के लिए लर्निंग लाइसेंस नि:शुल्क बनाए जा रहे हैं, जबकि छात्रों के लिए 274 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इस पहल से विद्यार्थियों को सरल एवं त्वरित रूप से लाइसेंस की सुविधा मिल रही है, जिससे उनमें यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।




# रामपायली में 50 लाख की लागत से कम्युनिटी हॉल का निर्माण पूर्ण

**नवभारत, बालाघाट।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के अंतर्गत वारासिवनी विकासखंड के ग्राम रामपायली में 50 लाख रुपये की लागत से आधुनिक कम्युनिटी हॉल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो गया है। अब ग्रामीणों को विवाह समारोह, बैठकें, सामुदायिक कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी अवसंरचना को मजबूत करना और आमजन को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में रामपायली में निर्मित यह कम्युनिटी हॉल ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य के लिए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गाँव में सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और सामाजिक एकता मजबूत होगी।




# जिले में कल से शुरू होगा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन

**नवभारत, बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए किसान 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय सीमा में अपना पंजीयन करा लें। किसानों के पंजीयन के लिए जिले में 23 केन्द्र बनाये गये हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्यं पर गेहूँ उपार्जन के लिए बालाघाट जिले में किसानों के पंजीयन हेतु 23 केंद्र निर्धारित किये गए है। बालाघाट तहसील में सेवा सहकारी समिति बालाघाट/जरेरा, सेवा सहकारी समिति चांगोटोला-गुडरू, विपणन सहकारी समिति टाकाबर्रा-लामता, कटंगी तहसील में वृत्ताकार सेवा सहकारी संस्था कटंगी/बनेरा, तिरोडी तहसील में सेवा सहकारी समिति कटेदरा/धनकोषा, किरनापुर तहसील में सेवा सहकारी समिति बडगांव, खैरलांजी तहसील में सेवा सहकारी समिति आरंभा व खैरलांजी, परसवाडा तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाडा, बघोली/चंदना-उकवा, बैहर तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था बैहर व परसामउ, बिरसा तहसील में सेवा सहकारी समिति मानेगांव, दमोह, सालेटेकरी, लांजी तहसील में सेवा सहकारी समिति लांजी, लालबर्रा तहसील में सेवा सहकारी संस्था लालबर्रा/ददिया, नेवरगांव, सिहोरा, डोकरबंदी एवं वारासिवनी तहसील में सेवा सहकारी संस्था वारासिवनी व डोंगरमाली में पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिले के किसान इन केंद्रो पर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाईन, कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए शुल्क जमा कर अपना पंजीयन करा सकते है। इन ऑनलाईन पंजीयन केंद्रो पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगाने के निर्देश दिये गए है। पंजीयन के लिए किसान को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं फोटो पहचान पत्र लेकर जाना होगा।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के सुचारू रूप से संचालन एवं किसानों को पंजीयन एवं उपार्जन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय की खाद्य शाखा बालाघाट के कक्ष क्रमांक 223 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार मो.नं. 8461097747, कम्-?प?युटर ऑपरेटर सुश्री जैशमीन खान मो.नं. 9340471192 एवं श्री योगेश डहरवाल मो.नं. 8319186278 की ड्यूटी लगायी गई है। यह कंट्रोल रूम अवकाश के दिनों में भी प्रात: 10:30 से सायं 06 बजे तक खुला रहेगा।

# वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी होकर चले सुपरफास्ट ट्रेन

### रेलवे अप डाउनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन ने दक्षिण पूर्वी मध्य रेल नागपुर के डीआरएम को सौंपा मांग पत्र

**नवभारत कटंगी 5 फरवरी।** रेलवे अप डाउनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन बालाघाट जिला इकाई के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने दक्षिण पूर्वी मध्य रेल नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) दीपक कुमार गुप्ता से भेंट की और प्रदेश की राजधानी भोपाल, आर्थिक राजधानी इंदौर व आध्यात्मिक राजधानी उज्जैन के लिए सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के व्हाया बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी, तुमसार, बालाघाट तुमसर रेल खंड से हो कर परिचालन करने की मांग रखी, जिसके लिए मांग पत्र भी डीआरएम को दिया ।

दक्षिण पूर्वी मध्य रेल अंतर्गत नागपुर मंडल डीआरएम कार्यालय में गुरुवार को नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता से भेंट की। एसोसिएशन ने गाड़ी संख्या क्रमांक 12923/24 अंबेडकर नगर नागपुर अंबेडकर सुपरफ़ास्ट ट्रेन का तुमसर, कटंगी, बालाघाट होकर गोंदिया जंक्शन मार्ग विस्तार करने के लिए आग्रह किया है।



### प्राथमिक अनुरक्षण की गोंदिया में पर्याप्त व्यवस्था है

गोंदिया स्टेशन में ट्रेनों के रखरखाव एवं प्राथमिक अनुरक्षण की गोंदिया में पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। उक्त ट्रेन गाड़ी संख्या 12923/24 अंबेडकर नगर नागपुर अंबेडकर सुपरफ़ास्ट साप्ताहिक ट्रेन है, जो अभी आरएसए के साथ हफ्ते के एक दिन नागपुर तक परिचालित हो रही है, इस ट्रेन का नागपुर स्टेशन में स्टापेज 10:40 मिनट का है, इसका प्राथमिक अनुरक्षण अभी (अंबेडकर नगर) में होता है, इस प्राथमिक अनुरक्षण को गोंदिया शिफ्ट कर इस ट्रेन का मार्ग विस्तार नागपुर के आगे, तुमसर, कटंगी, बालाघाट, होकर गोंदिया करते हुए इसे त्रिसाप्ताहिक परिचालन किया जाए, जो पूर्णत: परिचालनिक दृष्टिकोण से फीजबल है।

### अंबेडकर नगर नागपुर अंबेडकर सुपरफास्ट ट्रेन का विस्तार संभव है

यह ट्रेन वर्तमान में हर मंगलवार को अम्बेडकर नगर महू स्टेशन से रात के 9:00 बजे रवाना होती है, और बुधवार को सुबह 8:20 में नागपुर पहुंच जाती है। इसके बाद ये ट्रेन बुधवार के दिन ही नागपुर स्टेशन से शाम को 7:00 बजे रवाना होकर गुरुवार को सुबह 5:45 बजे अंबेडकर नगर महू पहुंच जाती है। 10:40 मिनट नागपुर के लेओवेर में यह ट्रेन का आराम से नागपुर से विस्तार करते हुए तुमसर, तिरोड़ी कटंगी, वारासिवनी, बालाघाट होकर गोंदिया विस्तार संभव है।

### प्रदेश में बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षा

**बालाघाट।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इस वर्ष 1 लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसकमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं।

# भारतीय निर्वाचन व्यवस्था पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट में दिनांक 05 फरवरी 2026 को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेता मोर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर की विषय विशेषज्ञ श्रीमती अनुपमा गौतम ने 'भारतीय निर्वाचन व्यवस्था एवं प्रणाली' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने सर्वप्रथम स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने वाली संवैधानिक संस्था भारतीय निर्वाचन आयोग के संगठन, दायित्वों एवं अधिकारों की जानकारी छात्राओं को दी। तत्पश्चात भारत में संघ, राज्य एवं पंचायत स्तर पर संचालित निर्वाचन प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया।



श्रीमती गौतम ने बताया कि निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है, जिसके पश्चात नामांकन, नाम वापसी, चुनाव प्रचार एवं मतदान की प्रक्रिया संपन्न होती है। उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली की भी विस्तार से जानकारी दी तथा मतदान के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने कालेजियम प्रणाली से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान करते हुए विषय विशेषज्ञ द्वारा कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के संबंधों को शक्ति पृथक्करण सिद्धांत के संदर्भ में स्पष्ट किया गया तथा कालेजियम व्यवस्था की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. स्वाति खोब्रागड़े, डॉ. मणिका चौबे एवं नेटवर्क एडमिन मोहित लांजेवार का विशेष योगदान रहा। छात्राओं ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया।

### कासपुर में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार 05 फरवरी को वारासिवनी विकासखंड के ग्राम कासपुर में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश (ग्राम विकास पखवाड़ा) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमति डॉ गीता हनवत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक सुरेंद्र भगत विशेष अतिथी के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सचिव ग्राम पंचायत कासपुर नरेंद्र ठाकरे, शिक्षक लीलाधर पारधी ग्राम पंचायत भवन कासपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ गीता हनवत और विशेष एवं सुरेन्द्र भगत द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# औद्योगिक व रासायनिक दुर्घटनाओं से निपटने मॉक ड्रिल आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 02 फरवरी को होमगार्ड लाइन बालाघाट में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा रिस्पोंस टीम के अंतर्गत औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटनाओं से राहत एवं बचाव को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य औद्योगिक दुर्घटना के समय पूर्व तैयारी, राहत एवं बचाव की तकनीकों तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम में मॉयल भरवेली, नगरपालिका विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। होमगार्ड एवं आपदा प्रबंधन (एस.डी.ई.आर.एफ.) टीम द्वारा दुर्घटना के पूर्व एवं पश्चात की जाने वाली तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया, घायलों के उपचार एवं सुरक्षित निकासी की प्रक्रियाओं को मॉक ड्रिल के माध्यम से विस्तार से समझाया गया।

मॉक ड्रिल के अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राहत शाखा श्री प्रदीप कुमार कौरव, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट आपदा प्रबंधन (एस.डी.ई.आर.एफ.) बालाघाट श्रीमती रजनी खटीक, नगर पालिका के सुरक्षा अधिकारी कमालाकर चौधरी सहित पुलिस, वन विभाग, शासकीय जिला चिकित्सालय बालाघाट एवं सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

देवधर ट्रॉफी | जबलपुर टीम के खिलाड़ी रौशन और अतुल के उत्कृष्ट खेल के हजारो दर्शक हुये दिवाने

# रोमांचक मैच मे जबलपुर ने किया बिलासपुर टीम को 12 रन से पराजित

**नवभारत, वारासिवनी।** पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ( के विशेष प्रयासों से आयोजित ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में आज जेपी जबलपुर और एस ई एस आर बिलासपुर के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला खेला गया। खेल के प्रति जबरदस्त जुनून के बीच मैदान पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राष्ट्रगान के बाद अतिथियों ने टॉस करवाकर इस महामुकाबले को विधिवत शुभारंभ कराया। आज के प्रमुख अतिथियों में नगर के रियल एस्टेट के संचालन उत्कर्ष कासल ,जसवंत पटले कीर्ति बोपचे, मोनु ठाकुर,सुंदर बिसेन, मोनेस बिसेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए टास भी करवाया। इस अवसर पर उत्कर्ष कासल ने कहा की वारासिवनी तहसील में आयोजित भव्य देवधर आयोजन की सफलता के लिए वे गुड्डा भैया और उनकी पूरी टीम को बधाई प्रेषित करते है। आज समुचे जिले मे सिर्फ वारासिवनी मे ही रणजी खिलाडीयो, विजय हजारे ट्राफी जैसे बडे खेल आयोजन के खिलाडी देवधर मैदान मे अपना जौहर दिखाकर खेल प्रेमियो को रोमांचित कर रहे है।




महत्वपूर्ण पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जेपी जबलपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। सलामी बल्लेबाज रौशन और पंकज शर्मा ने पहले विकेट के लिए तेज तर्रार 43 रनों की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज रौशन ने मैदान के चारों ओर गगनचुंबी छक्के जड़ते हुए मात्र 21 गेंदों में 50 रन (5 चौके, 4 छक्के) कूट डाले। मध्यक्रम में आदित्य सिंह ने 39 रनों की उपयोगी पारी खेली। लेकिन बिलासपुर की कसी हुई गेंदबाजी के सामने जबलपुर की पूरी टीम 19.4 ओवरों में 159 रनों पर सिमट गई। बिलासपुर की गेंदबाजी मे मोहित राउत ने 3 विकेट (24 रन) और कुशल काकड़ ने 3 विकेट (24 रन) लेकर जबलपुर को मात्र 159 रनो पर रोककर बड़ा स्कोर नही बनाने दिया।

दुसरी ओर बिलासपुर टीम लक्ष्य 160 रनों का पीछा करने के लिये मैदान मे उतरी। किंतू गत चैपिंयन इस टीम का पहला विकेट मात्र 1 रन के स्कोर पर जयंत कैवर्त के रूप में गिर गया। दूसरा विकेट 74 रन के कुल स्कोर पर सौरव विकी (31 रन) आउट हुए। सलामी बल्लेबाज पवन परनाते ने 43 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। लेकिन जबलपुर की कसी हुई गेंदबाजी के सामने बिलासपुर का मध्यक्रम ताश के पत्तों की तरह ढह गया।

# मध्यप्रदेश में कांग्रेस की राज्यसभा सीट के लिए हीना कावरे भी प्रबल दावेदार

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश में आगामी अप्रैल माह में कांग्रेस की एक राज्यसभा सीट रिक्त होने जा रही है। वर्तमान में यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पास है, जिन्होंने स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है कि वे पुन: राज्यसभा जाने का प्रयास नहीं करेंगे। उनकी इस घोषणा के बाद प्रदेश कांग्रेस में नए राज्यसभा उम्मीदवार को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और कई वरिष्ठ व युवा नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं।

प्रमुख दावेदारों में वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व सांसद मिनाक्षी नटराजन जैसे नाम शामिल हैं। इसी क्रम में कांग्रेस संगठन के भीतर एक और नाम तेजी से उभरकर सामने आया है, जो नेता-कार्यकर्ताओं के बीच गंभीर चर्चा का विषय बना हुआ है। यह नाम है—मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान में कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तथा पंजाब की सहप्रभारी सुश्री हीना कावरे।



सुश्री हीना कावरे ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली कांग्रेस की एक सशक्त युवा नेता मानी जाती हैं। पार्टी द्वारा उनकी राजनीतिक क्षमता और संगठनात्मक दक्षता पर लगातार भरोसा जताया जा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस नेतृत्व उन्हें अलग-अलग राज्यों में महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ सौंपता रहा है। वे पूर्व में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की झारखंड प्रभारी रह चुकी हैं और संगठन सृजन अभियान के तहत पुन: झारखंड का दायित्व भी उन्हें सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त वे हिमाचल प्रदेश की पर्यवेक्षक, छत्तीसगढ़ में संगठन सृजन की प्रभारी तथा उत्तर प्रदेश में भी एक क्षेत्र की जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने कई जिलों में सक्रिय रूप से संगठनात्मक कार्यों की निगरानी की। यह तथ्य कांग्रेस नेतृत्व के उनके प्रति विश्वास और कार्यक्षमता को दर्शाता है।

मध्यप्रदेश कांग्रेस में वर्तमान समय में सुश्री कावरे को युवा पीढ़ी और ओबीसी वर्ग का एक मजबूत चेहरा माना जाता है। राजनीति में सादगी, संवेदनशीलता और जनसेवा को प्राथमिकता देने वाली सुश्री कावरे बालाघाट जिले के लांजी विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2013 और 2018 में विधायक निर्वाचित हुईं। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में वे बेहद कम मतों से पराजित हुईं।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में, जब देशभर में मोदी लहर का प्रभाव था, उन्होंने बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लगभग 3 लाख 84 हजार मत प्राप्त किए। वे यह चुनाव करीब 90 हजार मतों से हारी थीं, जिसे प्रभावशाली प्रदर्शन माना गया।

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में उनकी रणनीति और संगठनात्मक कौशल के चलते बालाघाट जिले में कांग्रेस को 6 में से 4 सीटों पर सफलता मिली। उनके राजनीतिक विरासत की बात करें तो उनके पिता स्वर्गीय लिखीराम कावरे, जो 1999 में नक्सली हिंसा का शिकार हुए थे, किरनापुर विधानसभा सीट से तीन बार(1990,1993,1998) विधायक और तत्कालीन कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे। उनकी माता श्रीमती पुष्पलता कावरे भी दो बार(2000,2003) विधायक निर्वाचित हुईं।

15 माह के कांग्रेस शासनकाल में सुश्री हीना कावरे मध्यप्रदेश विधानसभा की पहली युवा महिला उपाध्यक्ष बनीं। स्पष्ट है कि उन्होंने विरासत में मिली राजनीति को न केवल संभाला, बल्कि उसे नई पहचान भी दी। कांग्रेस हाईकमान द्वारा उन्हें लगातार जिम्मेदारियाँ दिए जाने के कारण राज्यसभा सदस्य पद के संभावित उम्मीदवारों में उनका नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। हालांकि राज्यसभा उम्मीदवारी का अंतिम निर्णय पार्टी नेतृत्व पर निर्भर करेगा, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में सुश्री हीना कावरे इस पद के लिए एक मजबूत और उपयुक्त दावेदार के रूप में उभरकर सामने आई हैं।